Motion of Thanks on The Presidents Address- Contd.

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, धन्यवाद प्रस्ताव पर सदस्यों ने अनेक संशोधन प्रस्तुत किए हैं । अब मैं सभी संशोधनों को एक साथ सभा के सामने मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को सभा में मतदान के लिए रखता हूं ।

प्रश्न यह है :

कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए :-

कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण, जो उन्होंने 28 जनवरी, 2026 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, के लिए उनके अत्यंत आभारी हैं।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे सभागृह की मर्यादा को बनाए रखें ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों से आग्रह है कि वे बैनर और तख्तियां न दिखाएं तथा नारेबाजी न करें । आप सब सदन को चलने दें, बजट पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी । चर्चा में सबको अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? क्या आप ऐसे ही नारेबाजी करना चाहते हैं? क्या आप सभागृह का अपमान करना चाहते हैं?

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सभा की कार्यवाही आज दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

(व्यवधान)

12.05 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.